हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

04 मेडिकल कॉलेज में 455 मरीज का परीक्षण ...


07 70 साल बाद देश की धरती पर चीता की पुर्नबसाहट...




## खबर संक्षेप

### पार्षद नईम खान के निधन पर शोकसभा आयोजित, श्रद्धांजलि दी

**सागर।** लाजपतपुरा वार्ड के पार्षद नईम खान के असामयिक निधन पर नगर निगम सभाकक्ष में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, निगम सचिव मुन्नालाल रैकवार, राजेंद्र सेन, विक्रम जैन सहित बड़ी संख्या में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### श्रम न्यायालय में नवीन श्रम संहिता के तहत होगी मामलों की सुनवाई

**सागर।** श्रम न्यायालय सागर का संचालन औद्योगिक न्यायालय म.प्र. इंदौर के निर्देशानुसार पुरानी सिविल कोर्ट सागर के कक्ष कमांक 89 में किया जा रहा है तथा उक्त न्यायालय में औद्योगिक न्यायालय इंदौर के निर्देशानुसार नवीन श्रम संहिता लागू होने के उपरांत म.प्र. औद्योगिक संबंध अधिनियम के अंतर्गत नवीन मामले ग्राह्य किए जा रहे हैं और वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम व कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के पूर्व से लंबित मामलों की सुनवाई की जा रही है। मात्र औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत लंबित मामलों की सुनवाई न करते हुए उन्हें औद्योगिक संबंध संहिता की धारा 51 अनुसार नवीन गठित होने वाले औद्योगिक अधिकरण को अंतरित किया जाना है।

### स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन किए आमंत्रित

**सागर।** मप्र शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी. टी.एम.एस.ई. शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं। दस्तावेजों में स्थायी जाति, निवास, आय, आधार, फोटो, पेनकार्ड, समग्र आई. आवश्यक होंगे। आवेदन समस्त एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं।

### जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर कार्य तेजी से जारी

**सागर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश और कलेक्टर संदीप जीआर के मार्गदर्शन में जिले भर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिले में प्रतिदिन प्रगति दर्ज की जा रही है, जिससे मतदाता सूची को और अधिक सटीक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारीयों के द्वारा घर घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सागर सांसद लता वानखेड़े के द्वारा मतदाता गणना पत्रक भरा गया। इस दौरान तहसीलदार प्रतीक रजक, पटवारी विनोद साहू एवं बूथ लेवल अधिकारी ऊषा राठौर द्वारा मतदाता गणना पत्रक भरा गया।

---

**सागर कलेक्टर संदीप जी आर ने रहली में ली योजनाओं की समीक्षा बैठक**

# संदीपनी स्कूल रहली में बच्चों का किया मार्गदर्शन छात्रावास का निरीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

सागर कलेक्टर आज रहली दौरे पर रहे, जहाँ उन्होंने कई गांवों का भ्रमण किया। दौरे के मुख्य हिस्से में उन्होंने जनपद सभागार में अधिकारी-कर्मचारियोंकी बैठक लेकर शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण और पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ पहुँचाने के लिए सख्त निर्देश दिए।इसके उपरांत, कलेक्टर ने संदीपनी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की क्लास में पहुँचकर उनसे संवाद किया और छात्र-छात्राओं को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने का मार्गदर्शन दिया। बच्चों से पूछा क्या बनना चाहते हे,अधिकांश बच्चों ने कहा पुलिस अफसर बनना हे,पर टीचर बनने के लिए सभी ने मन किया,इस बात पर कलेक्टर ने स्कूल टीचरों से चुटकी लेने से नहीं चुके।उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वही पैदल भ्रमण के दौरान सड़क किनारे लगी कचरा पेटी के क्षतिग्रस्त होने पर सीएमओ से पूछा इसमें कचरा डालकर दिखाओ क्या मतलब हे ऐसी पेटी लगाने का। वही स्टेडियम में बालीवाल ग्राउंड पर सुधार के निर्देश दिए। जनपद से पैदल भ्रमण करते हुए कलेक्टर छात्रावास पहुंचे।




### शासकीय कन्या छात्रावास में अव्यवस्थाओं के लगे आरोप

शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में रह रही छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं ने छात्रावास प्रभारी पर उनसे छात्रावास के भीतर काम करवाने, साफ-सफाई करवाने और उन्हें खाने में जली हुई रोटी, पतली सब्जी देने जैसे कई संगीन आरोप लगाए हैं। यह मामला मीडिया में आने के बाद कलेक्टर ने स्वयं रहली पहुँचकर छात्रावास का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि छात्राओं ने उन्हें छात्रावास की अव्यवस्था और प्रभारी के व्यवहार के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने इस मामले पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं और बीओ और एसडीएम को जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। गौरतलब है कि जिस अधीक्षिका पर ये आरोप लगे हैं, वह करीब तीस वर्षों से लगातार इसी छात्रावास में कार्यरत हैं। यह पहली बार नहीं है जब उन पर छात्राओं द्वारा इस तरह के आरोप लगाए गए हों। सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह यह है कि पूर्व में भी आरोप लगने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही क्यों नहीं हुई? प्रशासन के अधिकारियों की इस चुप्पी ने उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, कलेक्टर के सीधे हस्तक्षेप और निरीक्षण के बाद उम्मीद है कि इस मामले में जल्द ही सख्त और निष्पक्ष कार्यवाही होने की प्रबल संभावना है।



## गुरुकृपा फाइनआर्ट क्लासेस का अवलोकन करने पहुंचे वॉलीबुड स्टार गोविंद नामदेव

**सागर।** वॉलीबुड के मशहूर अभिनेता गोविंद नामदेव शहर में संचालित 'गुरुकृपा फाइन आर्ट क्लासेस' का अवलोकन करने पहुँचे। क्लासेस के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार हरिकांत दुबे भोपाल एवं आर्टिस्ट कैलाश ताम्रकार ने पुष्पमाला, शाल एवं श्रीफल से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर के प्राचार्य डॉक्टर रविकांत वाजपेयजुला भी उपस्थित रहे। गुरुकृपा फाइनआर्ट क्लासेस के प्रशिक्षक हेमंत ताम्रकार व प्रशिक्षार्थियों ने प्राचार्य का पोट्रेट भेंटकर स्वागत किया। अभिनेता गोविंद नामदेव ने कक्षा के प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को देखा तथा सराहना की। उन्होंने पेंटिंग बनाने वाले प्रशिक्षार्थियों से बात की और उन्हें कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। हेमंत ताम्रकार द्वारा कला के क्षेत्र में दिए जाने वाले प्रशिक्षण की भी तारीफ की। इस दौरान क्लास के प्रफुल्ल स्वाती हलवे, शालिनी जैन, मुस्कान जैन, सोनल जैन, आस्था जैन, अंतरा जैन, प्रदीप अहिरवार, अवनी जैन, स्नेहल जैन, श्रेया सोनी, श्रेया जैन, लक्षिता जैन, काजल जैन, निशिता जैन, शोभित सोनी, यशी जैन, जेनम जैन. अर्पित जैन, तान्या जैन, योगेश कोरी से मुलाकात कर उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की हौसला अफजाई की।



## प्राकृतिक खेती पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**सागर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गर्वनिंग बोर्ड सागर के निर्देशन में प्राकृतिक खेती पर आधारित आत्मा परियोजनान्तर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम शोभापुर, विकासखंड जैसीनगर, जिला सागर मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से सम्मानित प्रगतिशील किसान प्रताप सिंह ओरिया, प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर आर. के. गौतम अगरिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, उप संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, परियोजना संचालक आत्मा एम.के. प्रजापति, सहायक संचालक कृषि सागर जितेन्द्र सिंह राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनिल राय, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक जैसीनगर शैलेष पाण्डेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक क्रमशः कमलेश कुर्मी, सत्यम कुर्मी, विपिन जैन एवं नीलगिरी जैन, कृषि विस्तार अधिकारी जैसीनगर क्रमशः दीपक कुमार अवसारी, अखिलेश पाटीदार, सुनील मुकाती, सत्येंद्र मौर्य तथा जैसीनगर सोया समृद्धि किसान उत्पादक संगठन के संचालक जितेंद्र सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र सिंह, नारायण पटेल, सीआरपी श्रीमति बिशेषता लोधी एवं लक्ष्मी पटेल सहित 150 से अधिक कृषकों की उपस्थिति मे सपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को विस्तार से समझाया, साथ में उन्नत तरीके से खेती के साथ-साथ कम से कम 1 एकड़ में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों से अनुरोध किया तथा किसानों को प्राकृतिक खेती को विस्तार से किसानों के बीच में रखकर उदाहरण सहित जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र अग्निअस्त्र आदि के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी ने शासन और सरकार को प्राकृतिक खेती के लिए बढ़ावा देने के उद्देश्यों की तारीफ करते हुए किसानों से आग्रह किया की कम से कम अपने लिए तो प्राकृतिक खेती शुरुआत करें।

## निगमायुक्त ने स्वयं पहुंचकर कराई बकायादारों पर तालाबंदी की कार्रवाई

**संपत्तिकर की 2 लाख 29 हजार की राशि मौके पर जमा, 2 बड़े बकायादारों ने शीघ्र राशि जमा करने का आश्वासन दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम की लंबित राजस्व वसूली को लेकर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए गुरु गोविंदसिंह वार्ड एवं भगवानगंज क्षेत्र में स्वयं मौके पर पहुंचकर नगर निगम की टीम के साथ बकायादारों के विरुद्ध तालाबंदी की कार्रवाई कराई। इस दौरान संजीव दुबे, राजीव दुबे गुरु गोविंद सिंह वार्ड (शराब दुकान) से संपत्ति कर 2 लाख रुपए, योगेश भाई दाना भाई भवानी सा मिल से 29 हजार 63 रुपए मौके पर जमा कराए । कपिल मदन केशरवानी ने 29 हजार 872 रूपए शुक्रवार को जमा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा भगवानगंज वार्ड में रूपचंद कुंदनलाल से 66 हजार 93/- एवं शीलाबाई रूपचंद से 66 हजार 93 रुपए संपत्तिकर बकाया राशि जमा न करने पर दुकानों में तालाबंदी की गई। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम की आय शहर के विकास कार्यों की रीढ़ है और बकाया राशि जमा न करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भगवानगंज क्षेत्र में बकायादारों की दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिन बकायादारों द्वारा पूर्व में कई बार सूचना देने के बावजूद कर जमा नहीं किया गया, उन्हें तालाबंदी, जल कनेक्शन विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की सख्त चेतावनी दी गई। कुछ स्थानों पर मौके पर ही बकाया राशि जमा कराई गई।निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि संपत्तिकर, जलकर, दुकानों का किराया एवं अन्य करों की बकाया राशि शीघ्रता से वसूली जाए, जिससे नगर निगम के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की वित्तीय बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि करदाता समय पर करों का भुगतान कर नगर निगम के विकास कार्यों में सहभागी बनें।निगमायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि 31 दिसंबर तक राजस्व वसूली माह के अंतर्गत शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह का सघन वसूली अभियान चलाया जाएगा। बकाया राशि जमा न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें बकाया दार प्रतिष्ठानों की तालाबंदी, नाम सार्वजनिक करना एवं कानूनी कार्यवाही भी की जावेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्रवाई पूर्णतः पारदर्शी हो तथा ईमानदार करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने करों का भुगतान कर शहर के विकास में सहयोग प्रदान करें।

## विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग की एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन आज

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा 05 दिसम्बर दिन शुक्रवार को विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तिवारी के निर्देशन में यह राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होने जा रही है। इस संगोष्ठी का विषय है "आटोनोमी मोरल एजेंसी एंड प्रोफेशनल एथिक्स" संगोष्ठी की संयोजक दर्शनशास्त्र विभाग की सहायक आचार्या डॉ. अर्चना वर्मा एवं आयोजन सचिव सहायक आचार्या डॉ. देबस्मिता चक्रबर्ती हैं। सदस्य दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. सत्यनारायण देवलिया एवं डॉ. नरेन्द्र कुमार बौद्ध हैं। नीतिशास्त्र की समसामयिक चुनौतियों एवं समस्याओं पर आयोजित होने जा रही इस संगोष्ठी में प्रमुख आमंत्रित वक्ता प्रो. निर्भय मिश्र (पुणे), प्रो. जे.पी. शाक्य (छतरपुर), डॉ. भास्करजीत नियोग (नई दिल्ली), डॉ. के.जे. जार्ज (जोधपुर), डॉ. राजन (प्रयागराज) है । इसके अतिरिक्त स्थानीय प्रतिभागियों, शोधार्थियों की प्रस्तुति के लिए भी तकनीकि सत्र आयोजित है। सुबह 10 बजे से आयोजित उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर तथा सम्मानित अतिथि कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय होंगे । उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत करेंगे।




## युवा कांग्रेस ने बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराधों व भ्रष्टाचार के खिलाफ किया शंखनाद

**सागर।** सागर जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराधों तथा नशीले पदार्थों, अनैतिक गतिविधियों व अवैध शराब, जुआ,सट्टा के पनप रहें कारोबार से जिले के युवा नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोक पाने में पुलिस प्रशासन के नाकाम साबित होनें तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला युवा कांग्रेस के तत्वाधान में शंखनाद की शुरुआत जिला मुख्यालय से की गईं। जहां स्थानीय शहीद कालीचरण चौराहे के समीप युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता ओं ने वरिष्ठजनों की मौजूदगी में जमकर नारेबाजी कर बिगड़ती कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराधों के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त कर पुलिस महा निदेशक के नाम 06 संबोधित सूत्रीय ज्ञापन मौके पर मौजूद डी.एस.पी अजय सनकत को सौंप कर सागर जिले में पनप रही अवैध शराब,जुआ,सट्टा,नशीलें पदार्थों के कारोबार सहित पुलिस थानों की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली की जांच एस.आई.टी का गठन कर निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने की पुरजोर मांग उठाई। इस दौरान मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने शासन प्रशासन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जिलें में लगातार घटित हो रही हत्या,लूट,चोरी,चैन स्कैनिंग आदि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के बजाय विभिन्न मामलों में पुलिस की संदिग्ध कार्य प्रणाली उजागर हुईं हैं। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा कि अवैध शराब,जुआ,सट्टा के पनप रहें कारोबार से जिले के युवा नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा हैं जिसे युवा कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी और युवा कांग्रेस का आन्दोलन समुचें जिलें में अनवरत जारी रहेंगा।

**भक्तों ने लगाए नारे गोपाला जय गोपाला, श्री गुलाब बाबा गोपाला की धुनों पर झूमे**

# श्री गुलाब बाबा के जयकारों से गुलाब मय हुआ सागर शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री गुलाब बाबा मंदिर सागर के 18वें वार्षिक उत्सव की हर वर्ष के समान श्री गुलाब बाबा चरण पादुका पालकी रथयात्रा आज सुबह 11:32 पर श्री गुलाब बाबा मंदिर से आरंभ होकर मोतीनगर चौराहा से भगवानगंज, कटरा, सराफा बाजार होकर सांयकालीन बेला में मंदिर लौटी। सागर के साथ संपूर्ण बुंदेलखण्ड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ से आये भक्तों ने गोपाला जय गोपाला, श्री गुलाब बाबा गोपाला की धुनों पर अपने गुरूदेव के मंदिर के इस उत्सव को फूलों की बौछार, स्वागत सत्कार से सागर के सिटी कोतवाली से सराफा तिगड्डा होकर गोलाकुआं तक भक्ति मय वृन्दावन के समान बना दिया। श्री गुलाब बाबा चरण पादुका रथ को मुंबई से बुलाये गये फूलों को बहुत ही कलात्मक ढंग से सजा कर भक्त आगे की ओर चलाते हुये एवं भक्त श्री गुलाब बाबा जी के जयकारें लगाते हुऐ चरण पादुका रथ के आगे हाथ में झाड़ू लेकर आगे का मार्ग की सफाई कर रहे थे, तो बैण्ड एवं ढोल की धुनों पर महिलाएं-पुरूष भक्त नृत्य करते हुए चल रहे थे। मातृशक्ति ने आज मराठी तरीकों से लेझम लाठी का प्रदर्शन कर आत्मरक्षा का भी प्रदर्शन किया।

इस पूरी यात्रा में विशेष आकर्षण श्री महाकाल डमरू दल एवं महाकाल की झांकी के साथ भगवान राधाकृष्ण की चलित नृत्यमयी जीवंत झांकी थी, तो आगे रथ में श्री बाबाजी की फोटो स्वरूप में दर्शन दे रहे थे।



गौरमूर्ति पर देश में सौहार्द, प्रेम, शांति हेतु इस संपूर्ण यात्रा मंडल द्वारा सामूहिक रूप से खड़े होकर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। यात्रा व्यवस्थापकों ने गौरमूर्ति के पास की यातायात व्यवस्था को सम्हाला ताकि आने जाने वालों को परेशानी न हो। मंदिर प्रबंधन के अध्यक्ष डॉ. भरत आनंद बाखले एवं सचिव श्याम सोनी ने बताया कि हमेशा की तरह शोभायात्रा में स्वागत के पश्चात फेंकी सामग्री को हमारे भक्त तो इकट्ठा करते जा रहे थे। संपूर्ण पुलिस प्रशासन के साथ स्वयं सेवक करीब 2 कि.मी. लंबी इस शोभायात्रा की व्यवस्था संभाले हुये था।

### श्री गुलाब बाबा मंदिर की भव्य शोभायात्रा का सेवादल परिवार ने किया भव्य स्वागत

**सागर।** प्रतिवर्ष की तरह बुंदेलखंड के आस्था के केंद्र श्री गुलाब बाबा चरण पादुका पालकी रथयात्रा शोभायात्रा निकाली गयी। इस शोभायात्रा में कन्याओं की लेझम दल, श्री राधाकृष्ण की चलित नृत्यमय झांकी, श्री महाकाल डमरू दल, महाकाल झांकी, ग्रामीण भजन मंडलियाँ, विविध नृत्य दल, देशभर से आए भक्तों का विशाल काफिला शोभा बढाई। यह यात्रा नगर में सौहार्द, प्रेम और शांति के संदेश का प्रसार के उद्देश्य से निकाली गयी। शहर सेवादल परिवार ने शोभायात्रा का तीनबत्ती पर स्वागत किया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने पालकी में विराजमान चरण पादुका की पूजा अर्चना की और सामूहिक हनुमान चालिसा पाठ में सेवादल परिवार ने अपनी सहभागिता निभाई। शोभायात्रा में शामिल भक्त जनो पर पुष्पवर्षा करके सभी का स्वागत किया। स्वागत कर्ताओं में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के साथ कल्लू पटेल, लल्ला यादव, परख शुक्ला, फहीम अंसारी, प्रवीण यादव, अन्नू घोसी, तरूण सैनी, शानू सेन, लकी पंडा रवि जैन सजय टंडन आदि उपस्थित रहे।



जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

### आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण कैंप

# मेडिकल कॉलेज में 455 मरीज का परीक्षण मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सलाह दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउण्डेशन द्वारा पं. रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज ग्राम खडोबरा स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के तत्वाधान में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डी.के. शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर मेडिकल कैम्प का शुरुआत किया। प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटैरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा ने राज्यमंत्री, जिलध्यक्ष, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन पं.जयप्रकाश द्विवेदी ने किया। राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिविर लगाना गरीब जनता को सीधे लाभ पहुंचने की सरकार की मंशा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की सोच हैं कि गांव-गांव तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए इस तरह के स्वास्थ्य कैंप लगाए जाना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा मरीजों को लाभ मिल सके और उनकी जांच हो सके अस्पताल आने में असमर्थ ऐसे मरीज कैंप का लाभ उठा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण जनता को देना यह धार्मिकता के साथ-साथ मानव सेवा करने का कार्य है। मानव सेवा ही सही सेवा है हमने देखा है कि छात्र-छात्राएं बुजुर्ग मरीजों को पर्चा बनाकर अपने साथ ले जा रहे है और डॉक्टर को दिखावा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर मरीज का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें बीमारियों के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां दिलाने में भी सहयोग कर रहे हैं। साथ ही साथ मरीज को निशुल्क दवाइयां दिलवा रहे हैं। यह देखकर खुशी हुई कि अति पिछड़े क्षेत्र में पं रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल कॉलेज खडोबरा में पढने वाले छात्र छात्राएं भी बुजुर्गों की सेवा करने के लिए कितनी लगन और निष्ठा से सेवा कर रहे है।

## राज्यमंत्री ने ब्लड शुगर की जांच कराई



मेडिकल कैम्प में राज्यमंत्री ने भी अपने ब्लड शुगर की जांच कराई। मेडिकल कैंप में लगभग 455 मरीजों का परीक्षण और निशुल्क दवा वितरण हुए, जिसमें नेत्र विभाग के डा.जे.एस.बख्शी ने परीक्षण के बाद कुछ मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु परामर्श दिया और कहा की मेडिकल कॉलेज जाकर अपनी आंखों का ऑपरेशन समय से कराले है। अभी मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन चल रहे हैं जिसका लाभ इस अति पिछड़े क्षेत्र के लोग ले सकते हैं। मेडिकल कैंप के लिए मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला और सर्जन डा.डी.के.राज और प्रो.डा.घनश्याम के अलावा फिजियोथैरेपिस्ट डा.सौरभ देवलिया का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता गंधर्व सिंह लोधी, महावीर दीक्षित, शिवमोहन रिछारिया, चेतन कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र रिछारिया, रामजी यादव, उधम यादव, जयकुमार कुशवाहा, शिक्षकों में राहुल पटैरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा, आकांक्षा राजा, अंजलि राजा और संजय राजा ने सभी का आभार जताया। आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन अध्यक्ष पत्रकार सुनील शर्मा ने शिविर की सफलता के लिए आभार जताया।

### पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष ने सौंपा पत्र

# नियमों की धज्जियां उड़ा संचालक डीजे बजा रहे

**ललितपुर।** सहालग के इस दौर में शादीघरों के आसपास बसीं कालोनियां और यहां रहने वाले लोगों को अनावश्यक ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मानकों की धज्जियां उड़ाते हुये डी.जे. संचालकों द्वारा अत्याधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने डी.जे. संचालकों द्वारा ध्वनि प्रदूषण के मानकों पर अमल कराये जाने और लोगों को हो रही अनावाश्यक परेशानियों को दूर किये जाने की मांग उठायी है। डीएम को भेजे पत्र में पूर्व नगराध्यक्ष भाजपा मनीष अग्रवाल ने बताया कि नगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से इसी क्षेत्र में विवाह, पार्टियों और आयोजनों में अत्याधिक तेज आवाज में डी.जे. साउण्ड सिस्टम बजाया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों व छोटे बच्चों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात में अत्याधिक आवाज में साउण्ड सिस्टम बजाये जाने से रात में स्थिति और भयावह हो जाती है। उन्होंने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय से निर्धारित मानकों से अधिक ध्वनि होती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम व ध्वनि प्रदूषण (नियमन व नियंत्रण) नियम 2000 का हवाला दिया है। उन्होंने मांग उठायी है कि गल्ला मण्डी क्षेत्र में डीजे से हो रहे अत्याधिक ध्वनि प्रदूषण की जांच कराये जाने, आयोजकों को नियमों व समय-सीमा का पालन सुनिश्चित कराये जाने, रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के डीजे/तेज ध्वनि के उपकरण उपयोग पर रोक, सम्बन्धित थाना प्रभारी को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित करें।

## शराब पीने साथ जाने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** नाराहट थानान्तर्गत ग्राम स्वैराई (झरावटा) में रहने वाले दयाराम बरार पुत्र तुलसीराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 30 नवम्बर को सुबह 11 बजे ग्राम झरावटा निवासी रवि पुत्र प्यारेलाल ने अपनी मोटर साइकिल से उसे शराब पिलाने ले जा रहा था, जब उसने मना किया तो उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी गयी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायती पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महिला समेत बच्चे को किया बेदखल

# दहेज में एक लाख रुपए नकद व मोटरसाइकिल की मांग की

- प्रोजेक्ट नई किरण में उसका सुलह-समझौता कराते हुये पति के साथ भेज दिया गया था
- आरोप है कुछ ही दिनों बाद आकाश व सास-ससुर ने दहेज का उलाहना देते हुये मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम गुरसौरा में रहने वाली कल्पना पुत्री काशीराम लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पहले मप्र जिला शिवपुरी के थाना बामौरकलां अंतर्गत ग्राम नयागांव निवासी आकाश लोधी पुत्र पंचम के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुयी थी। शादी में उसके पिता ने हैसीयत अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद पति आकाश, ससुर पंचम, सास सुनीता दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटरसाइकिल की मांग की जाने लगी। कुछ समय पश्चात उसने एक पुत्र को जन्म दिया, जो कि वर्तमान में 2 वर्ष 2 माह का है, जिसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। मामले की शिकायत पीड़िता ने महिला थाना और प्रोजेक्ट नई किरण में दी। प्रोजेक्ट नई किरण में उसका सुलह-समझौता कराते हुये पति के साथ भेज दिया गया। यहां आरोप है कि कुछ ही दिनों बाद आकाश व सास-ससुर ने दहेज का उलाहना देते हुये मारपीट कर दी। पीडिता ने बताया कि 30 नवम्बर को शाम 4 बजे आकाश ने शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ मारपीट की और दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटर साइकिल की मांग करते हुये मारपीट कर दी। मामले की सूचना पीडिता ने अपने पिता को दी, जिस पर पिता ने उसके ससुराल पहुंच कर देखा तो उसके सिर, हाथ में चोट थी। ससुरालियों ने उसे घर से निकालते हुये जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अधिवक्ता दिवस मनाया, डा.राजेंद्र प्रसाद को पुष्प अर्पित किए

# वकालत के आदर्शों व दायित्वों को समर्पित रहा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जिला बार एसोसिएशन भवन में शुक्रवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रथम राष्ट्रपति और प्रसिद्ध विधिवेत्ता डा.राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी व वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ बिलगैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ता समुदाय में उत्साह और शपथ की भावना देखने को मिली। अधिवक्ताओं ने विधि और न्याय के संरक्षण में अपनी भूमिका को सर्वोपरि बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता केवल वाद प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद ने अपने व्यक्तित्व से यह सिद्ध किया था कि सत्य, विधि और मानवता का सम्मान ही अधिवक्ता का धर्म है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम न्याय की रक्षा हेतु ईमानदारी, निष्ठा और साहस के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ बिलगैंया ने कहा कि न्यायालय में वकालत केवल पेशा नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी है। अधिवक्ता न्यायपालिका और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। हमें वकालत के स्तर को उच्च बनाते हुए विधि प्रक्रिया को सरल, निष्पक्ष और सुलभ बनाने पर ध्यान देना चाहिए। अधिवक्ता जयकुमार चौधरी ने व्यक्त किए विचार करते हुये कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि अधिवक्ता केवल मुकदमों की लड़ाई नहीं लड़ते, बल्कि न्याय व्यवस्था में विश्वास जगाने का कार्य करते हैं। समाज का एक बड़ा वर्ग न्यायालय तक तभी पहुंचता है जब उसके साथ अन्याय होता है, ऐसे में अधिवक्ता उम्मीद की पहली आवाज और संविधान की पहली ढाल होता है।

## डा. राजेंद्र प्रसाद संघर्ष, समर्पण और सौम्यता की प्रतिमूर्ति थे



अधिवक्ता जानकी प्रसाद बौद्ध ने भी रखे विचार रखते हुये कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद संघर्ष, समर्पण और सौम्यता की प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन संदेश देता है कि वकील की आवाज तब तक प्रभावशाली नहीं हो सकती जब तक उसमें सत्य और अध्ययन की शक्ति न हो। अधिवक्ताओं को सतत अधिगम और विधिक सुधारों की समझ आवश्यक है। इस दौरान जीवनधर लाल जैन, अशोक रिछारिया, मनोहर सिंह ठाकुर, जयकुमार चौधरी, अशोक कुमार त्रिपाठी, त्रिलोकीनाथ बिलगैया, बृजेंद्रसिंह यादव, अंकित जैन, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, शेरसिंह यादव, शशिकांत, अनुराग लोधी, वीरेश कुमार चौबे, रामगोपाल अहिरवार, आकाश झा, अखिलेश राय, प्रताप सिंह, राजीव तिवारी, कमलेश कुशवाहा, आनंद प्रजापति, नासीर खा, मनीष मालवीय, विजय गोस्वामी, सुरेश खरे, पुष्पेंद्र गोस्वामी, अर्जुन सिंह, राकेश रजक, बलराम कुशवाहा, विकास झा आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता और लॉ क्लर्क उपस्थित रहे। अंत में सभी ने न्याय, संविधान और विधि के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में वंदे मातरम के साथ अधिवक्ता दिवस समारोह का समापन हुआ।

### तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# प्रचार-प्रसार कर रहे ई-रिक्शा चालक को दो युवकों ने पीटा

**ललितपुर।** बालाजी मंदिर गोविन्दनगर में होने वाले हवन का ई-रिक्सा पर माइक लगाकर प्रचार-प्रसार कर रहे चालक से दो युवकों ने आवाज कम करने की धमकी देते हुये मारपीट कर दी। ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। गांधीनगर में रहने वाले परशुराम पाल पुत्र दलू पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ई-रिक्सा चलाकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। बीते मंगलवार को वह गोविन्दनगर में बालाजी मंदिर पर होने वाले हवन को लेकर प्रचार-प्रसार कर रहा था। गोविन्दनगर पहुंचने पर वहां मौजूद सोहेल खान पुत्र झल्लू, खच्चू पण्डित व टीकमगढ़ खुशबू गार्डन के पास निवासी जावेद नाम के युवकों ने उसे रोक लिया और माइक की आवाज कम करने की बात कहते हुये धमकाने लगे, जिस पर उसने आवाज कम की और आगे चला गया। जब वह लौटकर आया तो उक्त लोग फिर मिले और आवाज कम करने की बात को लेकर गालियां देने लगे और विरोध करने पर मारपीट कर दी।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया

# शत-प्रतिशत एसआईआर करने वाले बीएलओ सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) का कार्य 4 नवम्बर से प्राथमिकता के आधार पर चल रहा है, जिसका सम्पादन ससमय किया जाना अतिआवश्यक है। इसी सपने को शाकार करने के लिए जिला प्रशासन के निकट पर्वेक्षण में 226-ललितपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कार्य करने वाले लगभग 50 बी.एल.ओ. द्वारा शत-प्रतिशत एस.आई.आर का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसमें अलिखेश दुबे, रशीदा बानो, अंगूरी, पिंकी, अंजना, सुषमा, बबीता, निशा नामदेव, सुलेखा, ऊषा नामदेव, सखी खटीक, रेखा वर्मा, गीता रजक, रामदेवी, गीतादेवी आदि बी.एल.ओ. सम्मिलित है।

जिन्हें एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार एसडीएम न्यायिक ज्ञानेन्द्र विक्रम, अपर एसडीएम प्रथम भूपेन्द्र सिंह, तहसीलदार तनवीर हसन, नायब तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी, सीडीपीओ खूशबू यादव ने फूलमाला पहनाते हुये मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

### पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

# पति के दोस्त पर लगाए महिला ने बदनाम करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

दोस्त की पत्नी को बदनाम करते हुये अभद्रता करने, गालियां देते हुये मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में महिला ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौकाबाग में रहने वाली गेन्दा अहिरवार पत्नी विजय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति का दो इलाईट चौराहा के पास रहने वाला अजय राजा उस पर आरोप लगाते हुये बदनाम कर रहा है और पति के खिलाफ भी उलटा-सीधा बोल रहा है। इतना ही नहीं सार्वजनिक तौर पर बदनाम करने पर उसके खिलाफ पूर्व में पीड़िता द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गयी थी। आरोप है कि मंगलवार को अपराह्न 1.30 बजे जब वह घण्टाघर के पास थी, तभी अजय राजा आया और उससे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये गालियां देने लगा। विरोध करने पर अजय राजा ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# खेत में खड़ी मसूर की फसल में पानी भर दिया उलाहना देने पर पिता-पुत्र के साथ मारपीट की

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम चौकी में रहने वाले द्वारका प्रसाद कुर्मी पुत्र रघुवीर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके खेत में खड़ी मसूर की फसल में गांव के अनिल पुत्र बालमुकुन्द ने पानी भर दिया, जिससे फसल को नुकसान पहुंचा है। जब उसने उलाहना दिया तो आरोप है कि अनिल ने गालियां दी। बताया कि 2 दिसम्बर को अपराह्न करीब ढ़ाई बजे वह अपने पुत्र हिमांशु के साथ हनुमानजी मंदिर के पास खड़े थे, तभी अनिल व मनोज पुत्रगण बालमुकुन्द, उद्देश, गनेश व महेश पुत्रगण अनिल ने हाथों में लाठी-डण्डे, कुल्हाड़ी लेकर उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आये गांव के मुन्नालाल पुत्र बलू के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। हमले में उसके पुत्र हिमांशु को भी सिर में चोटें आयीं हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

नाराहट थाना क्षेत्र के रहने वाले भागचन्द्र अहिरवार पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 23 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपने पिता श्यामलाल पुत्र मनू के साथ खाद लेने के लिए पैदल-पैदल नाराहट जा रहा था। वह नाराहट थाना तिराहा पहुंचा ही था कि तभी पीछे से सचिन उर्फ सत्तू कुशवाहा पुत्र भजनलाल अपनी मोटर साइकिल सं. यू.पी.94 एक्स 7808 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये आया और उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। पिता को एम्ब्युलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा लेकर पहुंचा तो उन्हें हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ललितपुर और फिर वहां से झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया कि उपचार के दौरान 1 दिसम्बर को उसके पिता की मृत्यु हो गयी। भागचन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### किसान योजना का लाभ लेने 15 तक बुकिंग अवश्य करा लें

# प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान में सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग कराएं किसानः डीएम

- योजना का उद्देश्य किसानों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, कृषि क्षेत्र में डीजल का उपयोग कम करना, पर्यावरण प्रदूषण को कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से बिजली की स्थापित क्षमता का हिस्सा बढ़ाना है।



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अवगत कराया है कि जनपद के किसानों की खुशहाली, समृद्धि और उनकी आय को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम.कुसुम) संचालित है, जिसमें अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराये जाते हैं। इस योजना का उद्देश्य किसानों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, कृषि क्षेत्र में डीजल का उपयोग कम करना, पर्यावरण प्रदूषण को कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से बिजली की स्थापित क्षमता का हिस्सा बढ़ाना है। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों को इस किसान हितैषी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि पीएम-कुसुम योजना उत्तर प्रदेश में किसानों को सौर ऊर्जा से सिंचाई करने और अपनी बंजर/अनुपजाऊ भूमि से आय अर्जित करने में मदद करती है। यह योजना किसानों को सब्सिडी पर सौर पंप खरीदने, स्टैंड-अलोन सौर पंप स्थापित करने, और ग्रिड से जुड़े पंपों का सौर ऊर्जा से संचालन करने की अनुमति देती है। इससे डीजल पर निर्भरता कम होती है और बिजली उत्पादन तथा पारेषण हानियां भी कम होती हैं। उन्होंने जनपद के समस्त सम्मानित किसानों को अवगत कराया है कि जनपद में सिंचाई हेतु कृषि विभाग से संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम. कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग कृषि विभाग की वेबसाइट पर प्रारम्भ हो गयी है। जनपद में पोर्टल के अनुसार 1370 के लक्ष्य प्रदर्शित हो रहे है। अतएव कृषि विभाग में पंजीकृत इच्छुक कृषक योजना का लाभ लेने के लिये 15 दिसम्बर तक अपनी बुकिंग अवश्य करा लें।

कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में बंद मादा चीता वीरा और दो शावकों को मुख्यमंत्री ने किया आजाद

# 70 साल बाद देश की धरती पर चीता की पुर्नबसाहट अनूठी पहलः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

70 साल बाद देश की धरती पर चीता की पुर्नबसाहट अनूठी पहल है और इस पहल के शिल्पी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिनके भागीरथी प्रयास से दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से 20 चीतों को लाया गया और उससे भी उत्साहजनक बात यह है कि चीतों की पुर्नबसाहट के लिए पीम ने मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क का चयन किया। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कही। वे गुरुवार को कूनो नेशनल पार्क के अंतर्गत आने वाले पारोंद गांव के पास मादा चीता वीरा और उसके दो शावकों को बाड़े से आजाद करने पहुंचे थे।

श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में बंद मादा चीता वीरा और उसके दो वयस्क शावकों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को बाड़े से आजाद कर खुले वन में विचरण के लिए जैसे ही छोड़ा वैसे ही चीते गेट से बाहर निकलकर जंगल में गायब हो गए। चीतों को जंगल में जाता देख मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री के आभारी हैं जिन्होंने चीतों को पुनर्जीवित करने मध्यप्रदेश की धरती को चुना। आज का दिन एतिहासिक महत्व का, चीता दिवस पर सभी को बधाई चीता श्योपुर शिवपुरी के लिए पर्यटन व्यवसाय बढ़ाने ओर रोजगार के अवसर खोलेगा।



### कूनो में 29, गांधी सागर में 3 चीते

इस समय भारत में 32 जीवित जीते मौजूद हैं जिनमें से 29 कूनो नेशनल पार्क में और तीन गांधी सागर वन्य जीव अभ्यारण में मौजूद है ज्ञात हो कि कुछ समय पहले कूनो नेशनल पार्क से तीन चीतों को गांधी सागर वन्य जीव अभ्यारण में भेजा गया था कूनो नेशनल पार्क में आज से पहले 16 चीते खुले वन में विचरण कर रहे थे अब तीन चीते और खुले वन में छोड़े गए हैं जिसके बाद 19 चीते खुले वन में विचरण कर रहे हैं जो पर्यटकों के लिए उत्साहपूर्ण होंगे कूनो में चीतों के दीदार करने आने वाले पर्यटकों को सीटों को निहारना आसान हो जाएगा। बता दे कि गुरूवार को जिस मादा चीता वीरा को उसके दो शावको के साथ छोडा गया है,वह मादा चीता दक्षिण अफ्रीका से लाई थी,जिसने फरवरी 2025 में दो शावको को जन्म दिया था।



### कैलेंडर का किया विमोचन

अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रोजेक्ट चीता से जुड़ा एक कैलेंडर का विमोचन भी किया। इस कैलेंडर में प्रोजेक्ट चीता पूरी हिस्ट्री और कूनो नेशनल पार्क जुड़ी बायोग्राफी को रोचक जानकारी के साथ शामिल किया गया है। इस दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन, श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, वन विभाग के राज्य मंत्री नागर सिंह चौहान, पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरसनपाल बरिया, उपाध्याय सीताराम आदिवासी, अपर मुख्य सचिव वन विभाग अशोक वर्णवाल, कमिश्नर सुरेश कुमार, कलेक्टर अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, सुजीत गर्ग, शुभम मुद्गल, सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा, डीएफओ कूनो आर थिरुकुराल, सामान्य केएस रंधा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

सेमल्दाहवेली रोड की घटना, पुलिस को संदिग्ध लग रही घटना

# बाइक सवार किसान से तीन बदमाश छीनकर ले गए पांच लाख से भरा बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र स्थित सेमल्दाहवेली रोड पर एक किसान से तब तीन बदमाश पांच लाख रूपए छीन ले गए,जब किसान बैंक से रूपए निकलवाकर बाइक से अपने गांव लौट रहा था। दो दिन बाद भी न तो बदमाशो को कोई सुराग मिला है और न ही पुलिस के द्वारा कोई एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस को घटना संदिग्ध लग रही है,इसलिए पुलिस के अधिकारी इस मामले में जांच के बाद एफआईआर दर्ज किए जाने की बात कह रहे है।

जानकारी के अनुसार ग्राम जानपुरा निवासी किसान जनरेल सिंह आईडीबीआई बैंक से 5 लाख रुपए निकालकर अपने गांव जानपुरा लौट रहे थे। सेमल्दा हवेली रोड के सुनसान रास्तों पर पहुंचते ही, पीछे से आए तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने किसान जनरेल सिंह को रोक लिया। बताया जा रहा है कि किसान कुछ समझ पाता, इससे पहले ही बाइक सवार एक बदमाश ने उनकी आंखों में पाउडर फेंक दिया, वहीं दूसरा उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग और मोबाइल छीन लिया। जबकि तीसरा बदमाश बाइक पर ही बैठा रहा। बैग छीनते ही तीनों बदमाश जल्दी से बाइक सवार होकर फरार हो गए। बैग में पांच लाख रूपए रखे हुए थे। घटना के बाद पीड़ित किसान जनरेल सिंह ने किसी तरह पानी डालकर अपनी आंखें साफ कीं और राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के रास्तों पर नाकाबंदी कराई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।



**इनका कहना..**

इस तरह की शिकायत आई है। मामले की जांच की जा रही है। एफआईआर दर्ज करने के लिए फरियादी को बुलाया जा रहा है, लेकिन अभी फरियादी थाने नहीं आया है। फरियादी के आते ही एफआईआर दर्ज कर ली जाएगी।

**शशि तोमर**
**थाना प्रभारी,देहात श्योपुर**

खेत जोतने के पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद, क्रॉस केस दर्ज

# मातासूला में दो परिवारों के बीच झगड़ा, लाठी डंडे चले, आठ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम मातासूला में बुधवार की शाम को दो परिवार के लोगो के बीच खेत जोतने के पैसो के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनों पक्षा के लोगो के बीच लाठी डंडे चल गए। जिसमें महिलाओ समेत दोनो पक्ष के आठ लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां दोनो पक्ष के लोगो की हालत खतरे से बाहर बताई गई। देहात थाना पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ मारपीट का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

देहात थाना पुलिस के मुताबिक विवाद के दौरान एक तरफ से महिला समिता बाई पत्नी लख्मीचंद मीणा, उसकी जेठानी सीमा बाई तथा भतीजी दिशो व रीना घायल हो गई। जबकि दूसरी तरफ से महिला बद्री बाई, सीमा, अंकुश तथा रामदयाल मीणा जख्मी हो गई।

इस मामले में समिता बाई पत्नी लख्मीचंद मीणा की रिपोर्ट पर रामदयाल मीणा, अंकुश मीणा, सीमा, बद्रो बाई के खिलाफ तथा बद्रो उर्फ बद्री बाई पत्नी मेमराज मीणा की रिपोर्ट पर मलखान मीणा,लख्मी मीणा, मनीष मीणा, समिता मीणा के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### मकान खाली कराने की बात पर विवाद,तीन पर एफआईआर

**श्योपुर।** शहर के सलापुरा क्षेत्र में मकान खाली कराने की बात पर विवाद हो गया,जिसमें एक महिला जख्मी हो गई। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मधुवन कॉलोनी निवासी अंजलि पत्नी पल्लव गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे भाई राहुल गुप्ता ने सलापुरा में सोनू राठौर और उसकी पत्नी से करीब एक डेढ साल पहले मकान खरीदा था। उस मकान में शिखा पत्नी विशाल शर्मा दो साल से किराए पर रहते है। शिखा से मकान कब तक खाली करोगी की बात कहने पर शिखा ने विवाद किया और उसके भाई और बहन के साथ मिलकर मेरी मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान अंजलि जख्मी हो गई। उसकी रिपोर्ट पर शिखा शर्मा, अंकित शर्मा,दीक्षा शर्मा के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# भागवत कथाः कठिना परीक्षा पार कर हुआ भगवान परीक्षित का जन्मः गोवर्धनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शहर के श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर जारी श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा आचार्य श्री गोवर्धनेश महाराज ने कुंता स्तुति, श्री भीष्म स्तुति एवं श्री परीक्षित जन्म की कथा का सुंदर वर्णन किया, उन्होंने संगीतमय श्रवण कराते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रारम्भ में श्रीमद्भागवत कथा की आरती की गई। कथा के द्वितीय दिवस कथा आचार्य श्री गोवर्धनेश महाराज ने कहा कि राजा पांडु को ऋषि किंदम के श्राप के कारण शारीरिक संबंध बनाने से मृत्यु का वरदान मिला था। इसलिए कुंती ने मंत्र से देवताओं का आह्वान किया। धर्मराज से युधिष्ठिर, वायुदेव से भीम और इंद्र से अर्जुन का जन्म हुआ। माद्री ने अश्विनीकुमारों से नकुल और सहदेव को जन्म दिया। राजा परीक्षित की कथा में बताया गया कि महाभारत युद्ध में कौरवों ने पांडवों के सभी पुत्रों का वध कर दिया था। अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे एकमात्र वंशज पर अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया। श्रीकृष्ण ने उत्तरा के गर्भ में प्रवेश कर बालक की रक्षा की। गर्भ में दस महीने तक बालक ने श्रीकृष्ण के दर्शन किए। जन्म के समय बालक मृतप्राय था। श्रीकृष्ण ने प्रसूति गृह में आकर शिशु को जीवन दान दिया। गर्भ में कठिन परीक्षा झेलने के कारण बालक का नाम परीक्षित पड़ा।



# अब जय स्तंभ का निखरेगा स्वरूप सांसद निधि से स्थापित होगा नया स्तंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर शहर का हृदय स्थल माने जाने वाले जय स्तंभ चौक पर भारतीय सैनिकों के पराक्रम स्मृति के रूप में स्थापित जय स्तंभ को अब नया लुक दिया जाएगा। सांसद निधि से नया स्तंभ स्थापित किया जा रहा है जो शहर के सौंदर्य करण में चार चांद लगा देगा। इसकी शुरुआत गुरुवार को तब हुई जब निर्माण एजेंसी ने मौके पर पहुंचकर पुराने स्तंभ को हटा दिया अब उसके स्थान पर नया आकर्षक स्तंभ लगाया जाएगा।

बताया गया है कि नया जयस्तंभ लाल पत्थर से बनाया जा रहा है इसमें अशोक चक्र भी रहेगा, जो देखने में बहुत ही सुंदर दिखाई देगा। यहां बताना होगा कि 26 मार्च 1971 को भारत के सहयोग से बांग्लादेश ने स्वतंत्रता की घोषणा की, जिसके बाद नौ महीने का युद्ध चला और 16 दिसंबर 1971 को पूरी पाकिस्तानी सेना का आत्मसमर्पण भारत के वीर सैनिकों के युद्ध कौशल से हुआ उसी की याद में देश के हर शहर में जय स्तंभ स्थापित किए गए थे। इसी तारतम्य में शहर के हृदय स्थल माने जाने वाले जय स्तंभ चौक पर भी स्तंभ की स्थापना की गई थी उक्त स्थल पर अब नया स्तंभ लगाया जाएगा।



# मारपीट के मामले में तीन भाईयों को छह छह माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

बडौदा कस्बे में दो साल पहले घटित हुए मारपीट के एक मामले में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी तीन भाईयों को छह छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुना दी। साथही छह छह हजार रूपए का जुर्माना भी रोपित किया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि दो साल पहले 2 जून 2023 को यह विवाद बडौदा कस्बे के सुतंडी मोहल्ले में हुआ। जहां इसी मोहल्ले में रहने वाले धरमू, राजू और राकेश बाथम ने मिलकर फरियादी व उसके परिजनों की मारपीट कर दी। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी राजू बाथम, धरमू बाथम और राकेश बाथम को दोषी मानते हुए छह छह माह के सश्रम कारावास और छह छह हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

# विद्यार्थियों को अपने जीवन में खेल को भी एक अहम योगदान देना चाहिएःमनोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।




खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है विद्यार्थियों को अपने जीवन में खेल को भी एक अहम योगदान देना चाहिए जिससे उनका स्वास्थ्य और मस्तिक दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। इस खेल प्रतियोगिता के लिए हमारे क्षेत्र के सांसद धन्यवाद के पात्र है।जिनके प्रयासों के चलते पूरे श्योपुर मुरैना क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

यह बात भाजपा मंडल प्रेमसर के अध्यक्ष मनोज सुमन ने गुरूवार को ग्राम प्रेमसर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाडियों को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष देवेन्द्र गौड, स्कूल प्राचार्य प्रेमसर सहित अन्य कई शिक्षक गण और गणमान्य नागरिक और छात्र छात्राएं मौजूद थे। दिनभर चली इस खेल प्रतियोगिता के दौरान स्कूली छात्र छात्राओ ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ में उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।

बरगवां के किसान गुड्डू की मौत का मामला भी उठा विधानसभा में

# मल्होत्राः बरगवां के किसान की सदमे में गई जान मंत्रीःअत्यधिक शराब पीने से हुई गड्डू की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

सिरसौद के किसान कैलाश मीणा की आत्महत्या का मामला विधानसभा में उठने के बाद विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने बरगवां के किसान गुड्डू पटेलिया की आत्महत्या का मामला विधानसभा में उठाते हुए उसके परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की बात रखी है। लेकिन विधानसभा में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इस संबंध में जानकारी दी कि गुड्डु पटेरिया शराब पीने की लत का शिकार था,जांच में उसकी मौत अत्यधिक सेवन से होने की बात सामने आई है।

दरअसल विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने विधानसभा में सवाल उठाया कि बरगवां के किसान गुड्डू पटेलिया ने भी फसल खराब होने के सदमे में आत्महत्या कर ली। लेकिन उसके परिवार को सरकार की ओर से अभी तक कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गई है। मल्होत्रा के इस सवाल का विधानसभा में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जानकारी दी कि बरगवां के गुड्डू पटेलिया की मौत 22 अक्टूबर को हुई है। जबकि बैमोसम बारिश के रूप में प्राकृतिक आपदा 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के मध्य आसमान से बरसी है। प्राकृतिक आपदा आने से पहले हुई गड्डु की मौत के मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि वह अत्यधिक शराब पीने का आदी था,दीपावली के दिन भी उसके द्वारा काफी अधिक शराब का सेवन किया गया था।मृतक गुड्डु के पिता बच्चू पटेलिया के स्वामित्व की भूमि पर प्राकृतिक आपदा के कारण खराब हुई फसल का सर्वेक्षण कराया गया है। उसे नियमानुसार आर्थिक अनुदान सहायता राशि दिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि इसके पहले सिरसौद निवासी किसान कैलाश मीणा की मौत को भी सरकार ने फसल खराब होने के सदमे के कारण आत्महत्या करना नहीं माना है। विधानसभा में कृषि मंत्री ने जानकारी दी कि कैलाश मीणा ने पारिवारिक कारणों के चलते आत्महत्या की है।




### प्रभावित किसानों का नहीं होगा बिजली बिल माफ

बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों का बिजली बिल माफी किए जाने संबंधी इस सवाल को विधानसभा में श्योपुर विधायक बाबू जंडेल और विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के द्वारा उठाया गया। जिसका जबाव विधानसभा में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने देते हुए साफ कर दिया कि प्रभावित किसानों का बिजली बिल माफ करने का कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है। केसीसी ऋण और सहकारी समिति द्वारा दिए गए खाद बीज ऋण माफी निर्णय शीर्ष बैंक स्तर से आपेक्षित नहीं है।

### 428 गांवों के 98 हजार 611 किसानों की फसल हुई प्रभावित

विधानसभा में श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने प्रश्न लगाया कि श्योपुर जिले में कितने गांवों के कितने किसानों की फसल को अतिवृष्टि और जल भराव के कारण भारी नुकसान पहुंचा है। इसकी विस्तृत जानकारी दी जाए। क्या सरकार वर्तमान लागत राशि को आधार मानकर किसानों के मुआवजा राशि प्रदान करेगी। इस बारे में अवगत कराए। जंडेल के इस सवाल का राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जबाव दिया कि श्योपुर जिले के 428 गांवों के 98 हजार 611 किसानों की फसल असमय बारिश और जल भराव के चलते प्रभावित हुई है तथा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के प्रावधान अनुसार प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति होने पर प्रभावित कृषको को पात्रता अनुसार आर्थिक अनुदान सहायता राशि प्रदाय की जाती है। इसलिए वर्तमान लागत राशि को आधार मानकर किसानों को मुआवजा दिए जाने का प्रश्न उद्भुत नहीं होता है।

# आवासीय पट्टा के इंतज़ार में शहर के चार हजार बेघर परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ऐसे परिवार जिनके पास रहने के लिए खुद का घर नहीं है उन्हें उसी भूमि का पट्टा देने का अधिकार दिया गया है जिस भूमि पर वह अपना आशियाना (झोपड़पट्टी इत्यादि) बनाकर रह रहे हैं। अपना आशियाना सजाने की उम्मीद में शहर के करीब 4000 लोगों ने (3 साल पहले से लेकर वर्तमान तक) आवेदन किए थे लेकिन उनके आवेदनों पर क्या विचार किया गया किसी को मालूम नहीं है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भू आवासीय योजना के तहत दिए जाने वाले पट्टा के तरह ही नगरीय निकाय विभाग में शहरी क्षेत्र में रहने वाले बेघर लोगों को आवास बनाने के लिए धारणाधिकार योजना के तहत उस भूमि का पट्टा देने की योजना बनाई है, जिस भूमि पर वह कब्जा कर रह रहे हैं। इस योजना कहते हैं पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जाते हैं जिसकी जांच पटवारी के माध्यम से तहसीलदार द्वारा करने के बाद आवेदनों को तहसील कार्यालय से वेरीफाई कर एसडीएम के पास भेजा जाता है जहां एसडीएम न्यायालय में संबंधितों आवासीय पट्टे देने के अधिकार प्रदान किए जाते हैं। पर श्योपुर शहर में कितने आवासीय पट्टे दिए गए हैं इसकी जानकारी देने वाला पटवारी से लेकर कलेक्टर कार्यालय में कोई नहीं है। अलबत्ता किन लोगों ने इस योजना के तहत आवेदन किए हैं उनकी संख्या बहुत अधिक है।

### योजना में स्वीकृति के बाद भी आवास के इंतजार में हितग्राही

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने पर आवास स्वीकृत होने के बाद भी बनाने का अधिकार तभी दिया जाता है जब संबंधित हितग्राही के पास अपने स्वामित्व की भूमि आवास बनाने लायक हो नगर पालिका में करीब 8 सैकड़ा हितग्राही ऐसे है जो पीएम आवास योजना में चिन्हित तो हो गए हैं और उनके खातों में एक एक लाख रुपए की राशि पहली किस्त के रूप में डाले के लिए नगरपालिका को डिमांड राशि भी सरकार ने भेज दी है लेकिन उनके पास मकान बनाने के लिए रजिस्ट्री सुदा या पट्टा वाली जमीन नहीं है ऐसे हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर धारणाधिकार के तहत आवेदन तो भरवा गए हैं लेकिन 6 माह से यह आवेदन जांच प्रक्रिया में ही पड़े हुए हैं धारणाधिकार योजना के तहत आवासीय पट्टा देने में धीमी गति के चलते पीएम आवास योजना के तहत पंजीकृत हितग्राही आवास के लिए परेशान हैं।

### तहसीलदार ने पात्र हितग्राही चुनने पटवारियों की लगाई ड्यूटी

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर तहसीलदार मनीषा मिश्रा ने वार्ड स्तर पर पटवारियों की ड्यूटी लगा दी है जो पीएम आवास योजना के पात्र हितग्राहियों की जांच कर उन्हें धारणाधिकार योजना के तहत आवासीय पट्टे दिवाएंगे। पटवारी राजस्व निरीक्षक की निगरानी और में नपा कर्मचारियों के साथ वार्ड वार्ड घूम कर हितग्राहियों का स्थल देखेंगे जहां उन्हें आवास बनाने के लिए स्वीकृति मिली है।

**दिलाएंगे पट्टा**

करीब आठ सैकड़ा हितग्राही ऐसे हैं जो पीएम आवास योजना के लिए पात्र हैं लेकिन उनके पास मकान बनाने के लिए अपनी जमीन नहीं है। ऐसे हितग्राहियों को आवासीय पट्टा देने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर सर्वे कराया जा रहा है इस सर्वे हर वार्ड में एक पटवारी दो नापाकर्मी शामिल किए गए हैं। शीघ्र ही लोगों को आवासीय पट्टा मिल जाएगा तो उन्हें आवास बनाने के लिए खातों में पहली किस्त के रूप में एक 100000 रुपए डाल देंगे।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## खबर संक्षेप

### एसपी ने आरक्षक को निलंबित किया

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी कस्बे में मनोज प्रजापति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, इस घटना में मृतक की पत्नी आरती प्रजापति ने पुलिस पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाया था और चन्देरी के दिल्ली दरवाजे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस घटना में आरक्षक सोबरन सिंह द्वारा पैसों की मांग की जा रही थी। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने आरक्षक सोबरन सिंह को निलंबित कर दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरेन्द्र नायक निवासी ग्राम कुम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी समुन्दर सिंह, पिन्टू नायक, लक्ष्मणसिंह, शैतान सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौली निवासी संतोष लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उदयपाल और हल्कई, लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से हल्कई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संतोष लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम बेंहटीं निवासी आकांशा पुत्र नारायण आदिवासी उम्र 18 साल ने घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

## चार बदमाशों ने 2 बाईकों से आकर घटना को दिया अंजाम

# बैंक से रुपए निकालकर शाढ़ौरा जा रहे व्यापारी से कट्टे की नोंक पर 20 लाख लूटे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बुधवार को दिन दहाड़े अशोकनगर से 10 किलोमीटर दूर रेलवे फाटक और नगऊखेडी के बीच मुख्य सड़क मार्ग पर शाढ़ौरा के व्यापारी पर कटटे से हमला कर 20 लाख रूपए लूटने का मामला सामने आया है। यह आरोपी 2 बाईकों से आए थे। इस घटना में व्यापारी और बदमाशों के बीच छीना झपटी भी हुई, बदमाशों ने कटटे की वट से सिर पर हमला किया और लाठी मारी जिसके बाद बदमाश रूपयों से भरा बैग छीनकर भाग गए।

घटना की कहानी यह है कि जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा कस्बे में गल्ले का व्यापार करने वाले नीरज साहू मण्डी में खरीदे गए माल का भुगतान करने के लिए अशोकनगर के पुरानी कृषि उपज मण्डी मार्ग पर आईसीआईसीआई बैंक से 20 लाख रूपए निकालकर शाढ़ौरा की ओर रवाना हुए थे। यह रूपयों से भरा बैग उन्होंने अपनी स्कूटी की डिग्गी में रख लिए थे। दोपहर 2 से 2:15 बजे के बीच वह बैंक से रवाना हुए और लगभग 2:30 बजे के बीच जब उनका स्कूटी वाहन अशोकनगर गुना मुख्य सड़क मार्ग पर रेलवे फाटक और नरसूखेडी गांव के बीच से गुजर रहा था। उसी दौरान 2 बाईक सवार पहले आगे आए और कहा कि कैसे वाहन चला रहे हो हमे साइट नहीं दे रहे। जिसके बाद उन बदमाशो ने उन पर डंडे से हमला किया जिसके बाद 2 बदमाश पीछे से दूसरी बाईक से आ गए। इसके बाद उन्होंने उनकी स्कूटी की डिग्गी तोड़ दी और 20 लाख रूपयों से भरा बैग निकाल लिया, जब मैने इसका विरोध किया तब वह मुझे मारपीट करते हुए सडक की साइड में ले गए। उसी दौरान उन्होंने कटटे की वट से मुझ पर हमला किया। इस दौरान सड़क मार्ग से कईं बाईक और फोर व्हीलर वाहन भी निकले लेकिन कोई उन्हें बचाने नहीं आया। इस दौरान बदमाश बैग छीनकर भाग गए।

### शाढ़ौरा मंडी में अनाज खरीदने के लिए रुपए लेकर जा रहा था व्यापारी

इस घटना की सूचना मिलने के बाद जिले में हड़कंप मच गया, शाढौरा में किसी व्यापारी के साथ 20 लाख रूपए की यह बड़ी घटना पहली बार सामने आई है। शाढ़ौरा के व्यापारी बड़ा पैमेंट लेने के लिए 15 किलोमीटर दूर अशोकनगर आते हैं। शाढ़ौरा मण्डी में बड़े व्यापारियों द्वारा 50-50 ट्राली माल की मण्डी में खरीद की जाती है। यह व्यापारी प्रतिदिन अशोकनगर में माल का भुगतान करने के लिए रूपए निकालने आते हैं। वुधवार को नीरज साहू जब रूपए निकालकर अपने घर लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। इस घटना में व्यापारियों द्वारा लाखों रूपए बैंक से निकाल कर जोखिम उठाई जा रही है जिसका फायदा बदमाशों ने उठाया और इस घटना को अंजाम दिया। समझा जाता है कि बदमाशों ने घटना से पहले रैकी की होगी उसके बाद ही घटना को अंजाम दिया। नीरज साहू की शाढ़ौरा में व्यापारिक फर्म





स्वर्णिका एग्रो सेल्स के नाम से है। उनके द्वारा किसानो से माल भी खरीदा जाता है और आढ़त का काम भी किया जाता है। प्रतिदिन लाखों रूपए का भुगतान उनके यहां से होता है। वुधवार को भी शाढ़ौरा मण्डी में लगभग 500 क्विंटल अनाज की आवक हुई थी। घटना के बाद शाढ़ौरा के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद व्यापारियों की संस्था के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने एसपी से मुलाकात की और घटना में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

### एसपी घटना को लेकर मौके पर पहुंचे

घटना के बाद एसपी राजीव कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की कईं टीमें बनाई हैं। यह टीम बैंक से लेकर पूरे रास्ते मे जितने भी स्थानो पर कैमरे लगे हैं उन्हे खगालने में लगी है। इस घटना को पिछले दिनों खैजरा अटारी गांव के पूर्व सरपंच महेन्द्र सिंह यादव के यहां हुई लूट की घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। इस मामले में अभी पुलिस उक्त घटना के आरोपियों की तलाश के साथ उनके यहां भी जानकारी जुटाने में लगी है। जिस जगह यह घटना हुई है यह दो जिलों को जोड़ने वाला मार्ग है। इसमें आरोपी पड़ौसी जिला गुना के आरोन और पड़ौसी जिला शिवपुरी की ओर भी भागने की संभावनाएं है। इस घटना को लेकर यह भी समझा जा रहा है कि इन बदमाशों को पहले से पता था किव्यापारी नगद रूपया निकालकर अशोकनगर से शाढ़ौरा आते हैं। उसी आधार पर यह लूट की घटना को अंजाम दिया गया है।

### शाढ़ौरा में एक मात्र राष्ट्रीयकृत बैंक

शाढ़ौरा तहसील मुख्यालय होने के साथ नगरपरिषद मुख्यालय है लेकिन यहां राष्ट्रीयकृत बैंक के नाम पर एक मात्र पंजाब नेशनल बैंक है। यहां बैंक में इतना पैसा नहीं रहता कि व्यापारियों को बैंक भुगतान कर पाए। इस कारण व्यापारियों ने अशोकनगर के राष्ट्रीयकृत बैंकों में अपने खाते खोल रखे हैं। जहां से उन्हें आसानी से लाखों रूपए की राशि निकालने में सुविधा रहती है। शाढ़ौरा में अगर और भी बैंक की शाखाएं हो तो व्यापारियों को सुविधा हो सकती है। जिले के कईं स्थानों पर इस तरह की बैंक शाखाएं न होने के कारण अन्य स्थानों पर जाकर लेन देन करना पड़ रहा है।

### तलाश की जा रही है

शाढ़ौरा के जिस व्यापारी के साथ यह लूट की घटना हुई है उस घटना के आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम तैनात की गई हैं। सीसीटीव्ही कैमरों की मदद भी ली जा रही है। इस घटना में 4 आरोपी 2 बाईकों से आए थे उन्होंने व्यापारी नीरज साहू पर हमला किया और उसकी डिग्गी से रूपयों से भरा बैग निकाल ले गए हैं जिसमें 20 लाख रूपए होना बताए हैं। आरोपियों की तलाश जारी है, जल्द ही आरोपी पकड़े जाएगें। लूट की यह घटना गंभीर है। अटारी खेजरा में जो लूट की घटना हुई थी उसमें आरोपियों का पता चल गया है, जिनकी तलाश जारी है।

**एसपी राजीव** कुमार मिश्रा



### जिलेभर में पैदल गश्त के माध्यम से कानून व्यवस्था की मजबूत निगरानी

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों द्वारा सायंकालीन समय एवं पीक आवर्स में पुलिस बल के साथ क्षेत्र का नियमित पैदल भ्रमण किया जाए तथा सार्वजनिकए व्यावसायिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता से निरीक्षण किया जाए। इन निर्देशों का उद्देश्य असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय निर्मित करना एवं किसी भी विधि विरुद्ध गतिविधि को प्रारंभिक स्तर पर ही रोकना है। उक्त निर्देशों के पालन में जिले के समस्त थाना व चैकी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी एवं जवान फोर्स के साथ गश्त करते हुए सार्वजनिक स्थलों मुख्य बाजार, चैक.चैराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्क एवं संवेदनशील गलियों को चेक कर रहे हैं। भ्रमण के दौरान आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा संबंधी जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा होटल, ढाबों, लोडिंग अनलोडिंग क्षेत्रों, गोदामों तथा रात्रीकालीन गतिविधियों वाले क्षेत्रों की जांच कर असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। अनावश्यक भीड़ या जमावड़े को हटाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी जा रही है। जहां भी संदिग्धता पाई गईए वहां तत्काल पूछताछ एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## गर्ल्स कॉलेज की संभाग स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता में सागर विजेता दमोह उपविजेता बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज में संभाग स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर संभाग की टीमों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता का उद्घाटन जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली राय ने करते हुए कहा कि आज विभिन्न कॉलेज के टीम मैनेजर एवं खिलाड़ी यहां उपस्थित हुए यह अत्यंत ही गौरव की बात है कि हमारे कॉलेज को यह प्रतियोगिता संपन्न कराने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि जिंदगी भी एक प्रकार का खेल मंच है जो उतार-चढ़ाव से भरा हुआ है। परंतु हमें हमेशा धैर्य एवं शांति से चलते रहना चाहिए।

ठीक वैसे ही खेल को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन का यह महत्वपूर्ण समय होता है। जहां वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। आज आप सभी विद्यार्थी इस खेल मैदान में अपने-अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे एवं जीत एवं हार आपका उद्देश्य नहीं होना चाहिए। बल्कि आपने आज इस मैदान में क्या सीखा है यही विचार आपका होना चाहिए। नमामि देवी नर्मदे के संयोजक राजेश तिवारी ने कहा कि खेल सदैव प्रतिस्पर्धा से खेलें और खेलों के लिए निरंतर अभ्यास करना भी जरूरी है। पीजी कॉलेज बीना से छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए डॉक्टर राजेश सप्रे उपस्थित रहे।

कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में सागर जिला एवं दमोह जिला की टीमों ने अपनी भागीदारी दी। जिसमें रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय के अंतर्गत सागर जिले की टीम विजेता रही एवं उपविजेता दमोह जिले की टीम रही। खेल प्रभारी डॉक्टर अमन आर्य के मार्गदर्शन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर रश्मि द्विवेदी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन आपके जीवन का महत्वपूर्ण समय है। इसमें आप अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुसार क्षेत्र चुने एवं निरंतर आगे बढ़कर अपना भविष्य बनाएं स्वयं, परिवार और समाज और संस्था में अपनी पहचान बनाएं।

कार्यक्रम में डॉक्टर रश्मि जैन, प्रकाश चंद, डॉक्टर दिनेश राय, डॉ विशाल मिश्रा, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, राजीव लोधी, अरुण उपाध्याय, आरती ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत, नम्रता गर्ग, अमरजीत सिंह, निलेश शर्मा, रामबाबू रैकवार, मनीष कुशवाहा, अश्विन, प्रमेंद्र, संजय, विकास, जितेंद्र, पूजा, रंजना, सुषमा, विशाल सहित कॉलेज परिवार ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

## नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार कर फरार आरोपी मुसाब और उमेश लोधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**भौंती।** भौंती थाना मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्दशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना भौंती पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 29.09.2025 को नाबालिग बालिका ने उपस्थित थाना आकर आरोपी मुसाब लोधी पुत्र घनश्याम लोधी नि0 ग्राम विजयपुर थाना भौंती के द्वारा जबरजस्ती गलत काम (बलात्कार) करने संबंधी रिपोर्ट की थी । फरियादिया की रिपोर्ट पर से पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। बलात्कार का अपराध गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक राठौड़ के द्वारा आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये थाना प्रभारी भौंतीः- मनोज राजपूत के द्वारा और खोड चौकी प्रभारी उनि कुसुम गोयल के नेतृत्व में टीम घटित कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी । दिनांक 03.12.2025 को आरोपी मुसाब लोधी पुत्र घनश्याम लोधी उम्र 27 साल नि0 ग्राम विजयपुर थाना भौंती जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है । सराहनीय कार्यवाहीः- निरीक्षक मनोज सिंह राजपूत, उनि कुसुम गोयल, सउनि मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि संजय भगत, प्र0आर0 234 प्रहलाद सिंह यादव, प्र0आर0 669 अभयराज सिंह, आर0 38 मलखान गुर्जर, आर0 109 रवि शर्मा, आर0 38 दुर्गाविजय रावत, आर0 517 संतोष पाठक, आर0 441 वीरेन्द्र सिंह, सैनिक निकिल की अहम भूमिका रही । भौंती थाना के शिवपुरी अधीक्षक पुलिस अमन सिंह राठौड़ के निर्दशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना भौंती पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।






दिनांक 01.12.2025 को नाबालिग बालिका ने उपस्थित थाना आकर आरोपी उमेश लोधी पुत्र रामजीत लोधी नि0 भौंती के द्वारा जबरजस्ती गलत काम (बलात्कार) करने संबंधी रिपोर्ट की थी। फरियादिया की रिपोर्ट पर से अप0क्र0 376/25 धारा 64(1), 64(2)(ट), 65(1), 351(3)ल्लर, 5छ/6, पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले द्वारा आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी भौंती निरी0 मनोज राजपूत के द्वारा उनि कुसुम गोयल चौकी प्रभारी खोड के नेतृत्व में टीम घटित कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी । कल दिनांक 03.12.2025 को आरोपी उमेश लोधी पुत्र रामजीत लोधी उम्र 20 साल नि0 भौंती थाना भौंती जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। सराहनीय कार्यवाहीः- निरीक्षक मनोज सिंह राजपूत, उनि कुसुम गोयल, सउनि संजय भगत, सउनि मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, प्र0आर0 234 प्रहलाद सिंह यादव, प्र0आर0 669 अभयराज सिंह, आर0 38 मलखान गुर्जर, आर0 109 रवि शर्मा, आर0 260 गजेन्द्र शर्मा, आर0 240 पीकेश कुमार, आर0 441 वीरेन्द्र सिंह, सैनिक निकिल की अहम भूमिका रही

### थाना करैरा पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला कर भगा कर ले जाने एवं बलात्कारी नरेन्द्र रावत को गिरफ्तार किया

**करैरा।** दिनांक 29.10.25 को फरियादी द्वारा थाना करैरा उपस्थित आकर अपनी बेटी के दिनांक 28.10.25 को घर से विना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट की, रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 762/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबध्द कर जाँच में लिया गया। करैरा थाने मे पुलिस अधीक्षक अमन सिह राठौड़ द्वारा महिला संबंधी अपराध मे शीघ्र गिरफ्तारी अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा डॉ.आयुष जाखड़ के कुशल मार्गदर्शन में करैरा पुलिस द्वारा दिनांक 04.11.2025 को अपहृत वालिका को दस्तयाव किया अपहृत वालिका के कथन के आधार पर अपराध मे धारा 64(2) (एम), 5 एल/6 पाक्सो अधिनियम का इजाफा किया गया। आज दिनांक 04/12/25 को मुखविर की सूचना पर से आरोपी नरेन्द्र रावत पुत्र हाकिम रावत उम्र 31 साल निवासी ग्राम डोंगरपुर चौकी मगरौनी थाना नरवर जिला शिवपुरी को ग्राम डोंगरपुर से विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इनकी रही भूमिका थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री विनोद छावई, चौकी प्रभारी उनि चेतन शर्मा, उनि अँजली सिह, आर0 लवकेश यादव, आर0 रविन्द्र कुमार की अहम भूमिका रही हे।

## लखपति दीदी इनिशिएटिव अंतर्गत सीआरपी कार्यशाला हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र शंकरपुर में लखपति दीदी इनिशिएटिव कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय सीआरपी कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन द्वारा बताया की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लखपति दीदियों को विभिन्न प्रकार की उद्यमों एवं गतिविधियों से जोड़कर लखपति से करोड़पति बनाना है जिसके लिए सभी विभाग मिल कर कार्ययोजना तैयार कर काम करेंगे। जिससे समूह सदस्यों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। जिले में उद्योग विभाग, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन विभाग एवं समस्त लाइन डिपार्टमेंट अपनी अपनी विभाग की योजनाओं से महिला स्व सहायता समूहों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित कराए। साथ ही हर ग्राम पंचायत में एक एक महिला उद्यमी का चिन्हांकन कर उद्योग स्थापित कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

## पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की पत्रिका का हुआ विमोचन

# 'हमारे लिए खुद की पहचान बनाना चाहिए, स्वयं का मूल्यांकन करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए अपनी खुद की अहमियत पहचान का ध्यान रखना चाहिए कि तुम अपनी दृष्टि में क्या हो। जब तक व्यक्ति अपना स्वयं का मूल्यांकन नहीं करता उसे अपनी अहमियत का ऐहसास ही नहीं होता।

उन्होंने कहा कि दुनिया मेरी जिंदगी का मूल्यांकन करें मैं बहुत मूल्यवान वस्तु हूं जव मे मूल्यवान कहता है तो ऐसा न हो कि तुम्हें मूल्यांकन समझाकर तुम्हारे यहां कोई आये ही न इसलिए आचार्य श्री कुन्द कुन्द स्वामी ने कहा कि जहां उन्होंने कहा था कि तू भगवान चेतन्य घन स्वरूप आत्मा हूं ऐसा सुनकर लोगो ने आपकी दुकान पर आना ही वंद कर दिया। अपनी







वस्तु की कीमत घोषित करने के पहले जरा बाजार के भाव को देख तुम अपने आप को भगवान घोषित कर रहे हो जरा अपने आप को देखो पहले भगवान का स्वरूप देखो भगवान के लक्षण देखो ऊंची दुकान और फीके पकवान जैसी स्थिति नहीं बनाना हमारे पास राग द्वेष बहुत है यदि तुम्हारे पास राग द्वेष की एक भी कड़किा है तो तुम अपने आप को प्रभु के समकक्ष नहीं हो सकते मार्ग तो यही है यही से चल कर आप भगवान वन सकते हैं लेकिन इसकेलिए आपको आप को झोंकना होगा।

### संसार में तुम्हें कोई छोड़ना नहीं चाहता

उन्होंने कहा कि संसार में तुम्हें कोई छोड़ना नहीं चाहता आप अपने बेटे को थोड़ी सी छूट दे दी और यदि उसने छूट का फायदा उठाकर जो तुम्हारे लिए जो नहीं करना था वह कर दिया। आज यह मंच पर बैठे हैं ऐलक जी महाराज आपको देखकर कैसा लग रहा है हम ख़ुद घर से भाग कर आए आप ही बताइए भ इया आपको कैसा लग रहा है यही तो वह बात है कि दुनिया यहां दीवानी हो कर आती है और खुशी खुशी जाती है।

### पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की पत्रिका का हुआ विमोचन

इस दौरान श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव की मुख्य पत्रिका का विमोचन जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया, प्रदीप तारई, राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास विपिन सिंघई समन्वय ग्रुप के साथियों सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया।